सार-समाचार

सदस्यता अभियान की जानकारी दी

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संबंध में बुधवार को भीनमाल शहर में जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला महामंत्री मुकेश खंडेलवाल, नेता प्रतिपक्ष प्रवीण दवे, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता कर, अभियान संबंधित चर्चाएं की गई। पत्रकार वार्ता को प्रारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राष्ट्रीय, प्रदेश शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात् जिला स्तरीय शुंभारंभ कार्य किया जाना हैं, जिसका शुभारंभ बुधवार को भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के रामसीन में हुआ। उन्होनें बताया कि लोकसभा चुनाव के पश्चात संगठन द्वारा सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा को और सशक्त एवं समृद्ध संगङ्गन बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा हैं। उन्होनें बताया की आगामी 25 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत अधिकाधिक प्राथमिक सदस्यों का निर्माण किया जावें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए बताया कि जिले के प्रत्येक बुथ पर न्युनतम 200 व्यक्तियों को सदस्यता ग्रहण करवानी अपेक्षित हैं, वहीं जिला पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 500 व्यक्तियों, मंडल पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 300 व्यक्तियों और शक्तिकेंद्र के पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 250 व्यक्तियों को सदस्य बनाए और जालोर भाजपा का प्रत्येक बुथ अध्यक्ष अपने बुथ पर 250 व्यक्तियों की सदस्यता ग्रहण करवाएं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली पूर्व जिला महामंत्री मुकेश खंडेलवाल भीनमाल नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी भीनमाल नगर महामंत्री प्रवीण दवे किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली भाजयुमो जिला मंत्री विकास सोलंकी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

जातरू सहित कई जनों की बाइक पार

जोधपुर, (कासं)। शहर में अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी हो गई। इसमें एक जातरू की भी बाइक चोरी हुई है। संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट में मगरा पूंजला निवासी अर्जुन प्रजापत ने पुलिस को बताया कि वह एमजीएच अस्पताल आया जहां पर दो नम्बर गेट पर उसने बाइक खड़ी की थी जिसको अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। लूणी थाने में दी रिपोर्ट में शिकारपुरा निवासी केसाराम पुत्र बींजाराम पटेल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को चुरा ले गए। राजीव गांधी नगर थाने में दी रिपोर्ट में प्रेमनगर डीसीएम सर्वोदय विद्यालय कोटा के पास रहने वाले जातरू सुरेन्द्र पुत्र उदयलाल चौपदार ने पुलिस को बताया कि वह रामदेवरा जा रहा था इसी दौरान 12 मील केरू पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। मंडोर थाने में दी रिपोर्ट में हंसलाव की पोल मंडोर निवासी रमेश गहलोत ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में स्टेशन रोड़ तिंवरी निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि सेवाराम पेट्रोल पंप तिंवरी पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गए।

बंशीसिंह चौहान अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान जालोर के जिलाध्यक्ष ऋषिकुमार दवे के निर्देशानुसार उपशाखा आहोर के चुनाव अधिकारी नारायण लाल भट्ट व चुनाव पर्यवेक्षक कानाराम व पी. एल सोनगरा की देख-रेख में निविरोध सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें पंचायत समिति सदस्य बंशीसिंह चौहान को अध्यक्ष, गणेशसिंह राजपुरोहित को उपाध्यक्ष, जवेरचंद सोनी को कोषाध्यक्ष, मदनसिंह बालोत को सचिव व भैरूलाल जैन को संरक्षक मनोनीत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ राजनेता रविन्द्र सिंह बालावते थे। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष बंशीसिंह ने वरिष्ठ नागरिको की समस्याओं के निराकरण देत सदैव तत्पर रहने का आश्वासन देते हुए जनहित में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, वरिष्ठ जनो के लिए रोडवेज पास बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गेनाराम मेघवाल, श्याम सुन्दर सोलंकी, कुमार पाल मेहता, तेजराज जैन, बाबदास वैष्णव मंछाराम राव, बाराम छीपा, भैरूसिंह राजपुरोहित भंवरसिंह, महावीर जैन सहित कई वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

जालोर में बारिश, कई मार्ग बाधित

जालोर, (कासं)। जिलेभर में मानसून की सक्रियता के चलते झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी बहता नजर आया। पानी बहने से कई जगह मार्ग बाधित हो गया। जालोर में करीब डेढ घंटे लगातार बारिश के चलते शहर की सड़को पर पानी नजर आया। वही शहर में नगरपरिषद व पीडब्लयूडी की लापरवाही से बारिश के पानी की निकासी नही करने से शहर में कई जगह सड़को पर पानी भर जाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पडा। जालोर शहर के कलेक्ट्रेट के समक्ष निकासी की व्यवस्था नही होने से कलैक्ट्रेट में पानी बहने से आमजन को परेशानी उठानी पडी। वही नया बस स्टेण्ड के आगे भी पानी भर जाने से तालाब में तब्दील नजर आया। वही शहर की कई निचली कॉलोनियो में पानी भर से लोगो को पानी से काफी परेशानी उठानी पडी। कई जगह मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बारिश का पानी खड्डों में भर जाने से कई वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं। वही बुधवार को मूसलाधार बारिश के चलते कई नदी नालो व बांधों में पानी आाया।

कोर्ट से अजगर पकड़ा, जंगल में छोड़ा

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट सेलवाडा सडक मार्ग पर बीती रात करीब 11बजकर 30 मिनट पर गफ्फार खान को कोर्ट परिसर रेवदर में रात्रि डियुटी में तैनात जवान शेर सिंह के द्वारा रात में फोन पर सुचना मिली कि कोर्ट परिसर के आग अजगर लगभग 7 या 8 फीट है। सूचना मिलते ही गफ्फार खान व उनके भाई सत्तार खान तुरंत मौके पर पहुंचे। अजगर विचरण कर रहा था। समीप ही श्वान के बच्चे को अजगर पकडने वाला ही था कि गफ्फार खान उस अजगर को पकडकर उजाले में लेकर आया। उसके भाई सत्तार खान, मोहमद आसिफ, तस्लीम खान, कालू भाई घाची. गोविन्द, पप्पू भाई . संजय के सहयोग से अजगर को पकडकर और सुरक्षित सेलवाडा रोड जंगल में 11.00 बजे छोड़ दिया।

पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आज

जालोर, (कासं)। जिला पावर लिफ्टिंग संघ जालोर के तत्वावधान में 5 सितम्बर को जिला स्तरीय सब जूनियर,जूनियर व सीनियर पुरुष एवं महिला उपकरण सहित बेंच प्रेस प्रतियोगिता सुदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला में शाम 6 बजे आयोजित होगी। भाग लेने वाले 5 सितम्बर को दोपहर 12 बजे तक अपनी प्रविष्टियां जमा करा सकेंगे। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य ने बताया कि पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सभी वर्ग के मुकाबले होंगे। पुरुष वर्ग में 59, 66, 74, 83, 93, 105 120 व 120 से अधिक, महिला वर्ग में 47, 52, 57, 63, 69, 76, 84, 84 भार वर्ग के अलग-अलग मुकाबला होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित जिला पावर लिफ्टिंग टीम 8 व 9 जुलाई को अलवर मे होने वाली 29 वीं राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

कीटनाशक से कृषक की मौत

जोधपुर, (कास)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती लोरडी पंडितजी गांव में खेत में काम करते हुए एक कृषक के मुंह में कीटनाशक चला गया। जिससे वह अचेत हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। इस बारे में करवड़ थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार करवड़ पुलिस ने बताया कि लोरड़ी पंडितजी निवासी कंवराराम पुत्र कानाराम पटेल ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पिता कानाराम (68) पुत्र लूम्बाराम पटेल गत माह 28 अगस्त को खेत में कीटनाशक का छिडक़ाव कर रहे थे। तब कीटनाशक उनके मुंह और सांस में चला गया। जिससे वे अचेत हो गए और उन्हें मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर अब उनकी मौत हो गई।

झोलाछाप को गिरफ्तार किया

रेवदर, (निसं)।। सिरोही जिले में रेवदर उपखंड क्षेत्र के ब्लॉके चिकित्सा प्रभारी व अन्य डॉक्टर के हरकत में आने से धानेरा में क्लीनिक पर अवैध रुप से ईलाज कर झोलाछाप को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में भी इसकी सूचना ब्लाक चिकित्सा अधिकारियों को दे रखी था। उक्त झोलाछाप डॉक्टर ने खुलेआम इलाज के नाम पर लूट मचा रखी थी। जिसको लेकर रेवदर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एस एस भाटी हरकत में आए और कार्रवाई की गई। ईलाज कर रहे झोलाछाप थानाराम पुत्र दरगाराम कोली निवासी धानेरा को दवाइयां के साथ पकड़ा। बीसीएमओ सुमेरसिंह भाटी ने कार्रवाई की।

बाबा के प्राकट्यय दिवस पर आज रहेगा स्थानीय अवकाश

जोधपुर, (कासं)। समरसता के प्रतीक लोक देवता बाबा रामदेव का प्राकट्यय दिवस भाद्रपद सुदी बीज पर पांच सितम्बर को मनाया जाएगा।

हालांकि मसूरिया स्थित गुरु बालीनाथजी की समाधि पर ध्वजारोहण के साथ मेले का आगाज हो गया है। मेला बाबा की दशमी तक चलेगा। बाबा की दूज पर पांच सितंबर को सुबह सवा चार बजे पंचामृत से अभिषेक और फिर फूलमंडली होगी। इसके बाद 108 दीपकों से आरती और सुबह 11 बजे ध्वजा पूजन होगा।

मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर का संचालन करने वाले पीपा क्षित्रय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चौहान व सचिव नरेंद्र गोयल ने बताया कि मसूरिया स्थित बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर में गुरुवार सुबह 4.15 बजे 108 ज्योत से श्रृंगार आरती की जाएगी।

दोपहर 11 बजे मन्दिर शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा।समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, विधायक देवेंद्र जोशी व अतुल भंसाली, महापौर वनिता सेठ व कुंती परिहार, समाजसेवी अरविंद मालवीय व आनंद पुरोहित सहित अनेक गणमान्य लोग आएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में निगरानी और किसी भी अप्रिय घटना रोकने के लिए साठ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

युगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर पर ध्वजारोहण होगा

जुगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर में सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि के सानिध्य में नौ दिवसीय धार्मिक समारोह की शुरुआत पांच सितंबर को बाबा रामदेव के प्राकट्यय दिवस पर होगी। सैनाचार्य के प्रतिनिधि रघुवीरसिंह भदावत ने बताया कि पांच सितंबर को हेमलता राजे के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी सुरेश चौधरी की अध्यक्षता व ओलंपिक खिलाड़ी महेश्वरी चौहान के विशिष्ट आतिथ्य में मंदिर शिखर पर सुबह 10.15 बजे ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। धार्मिक समारोह के दौरान 8 सितबर से श्रद्धालु सात दिन तक अनवरत खड़े रहकर बाबा की आराधना करेंगे।

अखंड धूणी महायज्ञ में प्रतिदिन 51 हजार आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। पूर्णारती 1 सितम्बर को शाम 5.15 बजे की जाएगी। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

दूसरी तरफ जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर जोधपुर तथा जोधपुर ग्रामीण जिले में 5 सितंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। आदेश के अनुसार गुरूवार, 5 सितंबर को बाबा रामदेव मसूरिया मेला (बाबा री बीज) (भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया) का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

रावण का चबूतरा मैदान में भजन संध्या आज

बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान की ओर से हर साल की तरह आज बाबा की बीज पर रावण का चबूतरा मैदान में विशाल भजन संध्या का आयोजन रात 8 बजे से किया जाएगा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़ ने बताया कि एक लाख जातरुओं के सानिध्य में आयोजित भजन संध्या में भजन गायक मोइनुद्दीन मनचला दिलीप गवैया, अनिल देवड़ा, संजय पंचारिया भजनों की प्रस्तुति देंगे।

साथ ही अंतरराष्ट्रीय कालबेलिया सोनू सपेरा खाटू सपेरा एलजी सपेरा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति देगी। भजन संध्या में सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज, रामप्रसाद महाराज पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जेसलमेर बाडमेर बालोतरा के सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, महापौर वनिता सेठ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

बाबा रामापीर मंदिर में भरा भादवा मेला संत शिरोमणि भाऊ रामचंद्र मार्ग सरदारपुरा स्थित बाबा रामापीर मंदिर में भादवा मेला आज हर्षोल्लास के साथ भरा गया।

विश्व बंधुत्व का संदेश देने के लिए अभियान चलाया

जोधपुर, (कासं)। वैचारिक पुनर्जागरण के प्रतीक स्वामी विवेकानंद ने शिकागो धर्मसभा में भारतीय सनातन व संस्कृति की पताका को सम्पूर्ण विश्व के धर्म गुरुओं के मध्य लहराने का जो ऐतिहासिक कार्य किया था, वह आज भी विश्व का पथ प्रदर्शन कर रहा है और भविष्य में भी वैश्विक असहिष्णुता, धार्मिक संकीर्णता व आर्थिक, वैचारिक मतभेद की समस्याओं को सुलझाने का कार्य करता रहेगा। ये विचार विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा जोधपुर की ओर से विभिन्न विद्यालयों में विश्व बंधुत्व का संदेश पहुंचाने के अभियान का आगाज करते हुए उप प्राचार्य एनके प्रजापति ने मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए।

सोहनलाल मनिहार विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप प्राचार्य प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म सभा में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को संपूर्ण विश्व के सामने उदारवादी संस्कृति के रूप में रखा है। स्वामी विवेकानंद का ये वैश्विक धार्मिक व सांस्कृतिक नाद ही प्रति वर्ष 11 सितंबर को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्र के नगर प्रमुख डॉ. अमित व्यास ने बताया कि अमेरिका के व्याख्यान से स्वामी विवेकानंद संपूर्ण विश्व में पूजनीय बने। इस कारण दिवस को विश्व बंधुत्व के रूप में मनाया जाता है। केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वामीजी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता रहा है। इसी कड़ी में विश्व बंधुत्व दिवस पखवाड़े का आयोजन केंद्र की ओर से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जोधपुर के विभिन्न विद्यालय और महाविद्यालय में केंद्र की ओर से व्याख्यानों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक मनीष राठौड़ ने बताया कि पहले दिन सोहनलाल मनिहार विद्यालय में व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता एनके प्रजापति ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद की बचपन की घटनाओं को सुनाते हुए उनके विशिष्ट गुणों से अवगत कराया। कार्यक्रम संचालन अध्यापिका सुनंदा पुरोहित ने किया।

प्राचार्य अनिता कक्कड़ ने विवेकानंद केंद्र का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं केंद्र के कार्यकर्ता भगवान पंवार व हिमांशु आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की रीजनल कॉन्फ्रेंस शुरू

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आयुष्मान भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी तक प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जन स्वास्थ्य की प्रमुख धुरी के रूप में काम करेंगे।

सिंह बुधवार को जिले में आयोजित राष्टीय स्वास्थ्य मिशन की चतुर्थ रीजनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। सात राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इस कांफ्रेंस की मेजबानी एनएचएम राजस्थान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक कॉम्प्रीहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर, क्वालिटी एण्ड पेशेंट सेफ्टी, इण्डियन पब्लिक हैल्थ स्टैण्डर्ड, कम्यूनिटी प्रोसेसेज, मानव संसाधन, नि:शुल्क दवा आपूर्ति एवं स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सिंह ने एनएचएम की शुरूआत के समय के अपने अनुभवो को भी साझा किया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम आराधना पटनायक ने कहा कि आगामी दो वर्षों में देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 1 लाख 73 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील किया जाएगा। यहां 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्टक्चर मिशन के तहत गांव-ढाणी तक चिकित्सा के आधारभूत ढांचे को चरणबद्ध रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

अतिरिक्त सचिव ने कहा कि ग्रामीण स्तर तक आमजन को बेहतर सेवाएं देने के लिए हमें हैल्थ फैसेलिटी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही, दवाओं के आपूर्ति तंत्र को भी और सुगम बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर संपादित होने वाली गतिविधियों को और सरल करने के लिए विभिन्न पोर्टल्स को इंटीठोटेड रूप में संचालित किया जाएगा। उन्होंने राज्यों से अपेक्षा की कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का निचले स्तर तक पूरा लाभ पहुंचाने के लिए हर स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाए।

मिशन निदेशक, एनएचएम राजस्थान डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर भारत सरकार के संयुक्त सचिव नीति सौरभ जैन, कार्यकारी निदेशक एनएचएसआरसी अतुल कोटवाल, लक्षद्वीप के स्वास्थ्य सचिव अवनीश कुमार सहित गोवा, झारखण्ड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, राजस्थान, दादर नागर हवेली, दमन, उड़ीसा, पुदुचैरी एवं दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

कार्यशाला के प्रथम दिन विभिन्न सत्रों में कईं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। गुरूवार को विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण करेंगे।

बाल गृहों का निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पाली तथा राजकीय शिशु गृह, पाली का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह तथा शिशु गृह की साफ-सफाई, बालकों के लिये स्वच्छ कपड़े, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह, भवन की भौतिक स्थिति, मौसम के अनुकूल पर्याप्त संख्या में कूलर/ए.सी. की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं बाबत् जायजा लिया। साथ ही सचिव भाटी द्वारा गृह में आवासित बालकों से वार्तालाप किया गया तथा गृह में मिलने वाली सुविधाओं तथा अध्ययन के संबंध में जानकारी ली गई। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त पोषित आहार तथा नाश्ते में आवश्यकतानुसार चाय एवं दूध उपलब्ध करवाया बताया। गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुड़ो इत्यादि है। चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से विजिट कर स्वास्थ्य जांच की जाती है। सुमन परिवीक्षा अधिकारी, पुष्पलता टांक सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, डॉ. परेश दवे, शिशु रोग विशेषज्ञ, खुमाराम बाल न्यायमित्र आदि उपस्थित रहे।

पाली में सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई जारी

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशो की पालना मे 28 अगस्त से निरन्तर नगर परिषद् सीमा क्षेत्र मे मुख्य मार्गो से आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही नगर परिषद् द्वारा की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि मंगलवार को गांधी मूर्ति से सुभाष सर्किल होते हुए मिलगेट तक सड़क मार्ग पर विचरण कर रहे आवारा पशुओ को पकडने की कार्यवाही कर गौरक्षा सेवा समिति बाईपास मानपुरा भाखरी गौशाला मे 15 गौवंश छोडे गये।

इस प्रकार से परिषद् द्वारा सतत् कार्यवाही करते हुए कुल 84 आवारा गौवंशो को पकड कर पाली शहर के आस-पास गौशाला मे भिजवाये जा चुके है और आगे भी निरन्तर आवारा गौवंशो को पकडने की कार्यवाही की जायेगी। क्योंकि शहर मे आवारा पशुओ की वजह से सड़कों पर आमजन के साथ दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है और रात के समय मे अधिकांश आवारा पशुओ के सड़को के बीच बैठने से भी वाहनो को दिक्कत का सामना करना पडता है।

उन्होंने इस संबंध में सभी पशुपालको से अपील की कि शहर के मुख्य मार्गो व गली मौहल्ले मे जिस किसी के भी निजी पशु आवारा पशुओ को पकडने की कार्यवाही कर दौरान उन्हे भी पकड कर ले जाने की कार्यवाही की जायेगी और उन सभी पशुओ को पाली शहर की अधिसूचित गौशालाओ मे छोडा जाएगा और गौशाला मे रसीद दिखाने पर ही छोडा जाएगा।

इसके उपरांत दुबारा पकडे जाने पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी पशुपालक की होगी। उन्होंने सभी पशुपालको से अपील कि है कि वे स्वयं अपने-अपने पशुओ को अपने निर्धारित स्थान पर बांध कर रखे।

अवकाश घोषित

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने आदेश जारी कर भीनमाल नगरपालिका के वार्ड संख्या 20 में सदस्य पद के उप चुनाव के लिए मतदान दिवस 5 सितम्बर, गुरूवार को संबंधित क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

घर में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कास)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 9 में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।

आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया।

इस बारे में देवनगर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में 9 सेक्टर चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड निवासी प्रदीप उर्फ बंटी पुत्र रमेश सिंधी ने पुलिस को बताया कि उसके भाई नरेन्द्र सिंधी ने अपने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया।

नशे के दुष्प्रभाव बताए

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान व परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को सायला के टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में "विकसित भारत का मंत्र, देश हो नशे से स्वतंत्र" की थीम पर बच्चों को नशा मुक्ति शपथ दिलवाने के साथ ही नशा मुक्ति जागरुकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में शिक्षा विभाग के प्रधानाचार्य लहरीराम ने बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवा नशे से दूर रहने की बात कही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि ज्यादातर अपराध नशा के कारण ही होते है।

उन्होंने युवाओं को नशे के विरूद्ध समाज को जागृत कर उन्हें नशामुक्ति की दिशा में प्रोत्साहित करते हुए हेल्प लाइन नंबर 14446 का प्रचार-प्रसार किये जाने की बात कही।

चिकित्साधिकारी डॉ. भीमनाथ ने नशे से व्यक्ति में होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर होने के उपायों के बारे में अवगत करवाया। परिवहन निरीक्षक मनीष माथुर ने बच्चों को सड़क के नियमों के बारे में जानकारी देने के साथ ही सडक सुरक्षा के नियमों को समझाया।

नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी सुरेश बिश्नोई ने नशा मुक्ति के उपायों और केंद्र पर दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विश्व विख्यात बाबा रामदेवरा मेले का विधिवत शुभारंभ आज

पोकरण /रामदेवरा, (निसं)। भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार बाबा रामदेव की अवतरण तिथि भादवा शुक्ला द्वितीया-गुरुवार को अन्तर प्रान्तीय जग विख्यात 640 वां रामदेवरा मेला विधिवत रूप से प्रारम्भ हो रहा है। गुरुवार को प्रात: बाबा की कर्मस्थली रामदेवरा में ब्रहम मुहर्त में मंगला आरती के अवसर पर बाबा रामसापीर की समाधी के मस्तक पर स्वर्ण मुकुट प्रतिष्ठापन के साथ वार्षिक भादवा मेले का विधिवत शुभारम्भ होगा।

जिला कलैक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक सुविख्यात बाबा रामदेवरा मेले के दौरान इस बार लगातार श्रद्धालुओं की दिनोदिन बढ़ती जा रही भक्तिभावना व भक्तजनों की अधिकाधिक आवक को मध्यनजर रखते हुए रामदेवरा मेले मे विधिवत शुभारम्भ से पूर्व ही जिला प्रषासन एवं पुलिस प्रषासन तथा मेला प्रषासन द्वारा मेलार्थियों के लिए प्रषासनिक व्यवस्थाएं प्रारम्भ कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस का पर्याप्त जाब्ता लगाया गया है। वहीं चिकित्सा, पेयजल, विद्युत, सफाई व्यवस्था एवं अन्य आवष्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से जुटाई जाकर संचालित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मेला प्रषासन द्वारा मेलार्थियों की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले की हर गतिविधियों पर कडी नजर रखने के लिए क्लौज सर्किट कैमरे लगाए गए है। उन्होंने बताया कि मेले के आयोजन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि भादवा शुक्ला द्वितीया को बाबा के भक्तजनों की भारी भीड़ को देखते हुए लाईन में खड़े मेलार्थियों के लिये बाबा की समाधि के दर्शन के लिए पुख्ता प्रबन्ध किये गये है ताकि भक्तजन बिना परेशानी के दर्शन कर सकें।जिला कलक्टर ने बताया कि मेला व्यवस्थाओं के सफल संचालन के लिए मेलाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी पोकरण प्रभजौतसिंह गिल, विकास अधिकारी नरपतसिंह, सरपंच रामदेवरा समन्दरसिंह तंवर सत्त रुप से मॉनेटरिंग कर रहे हैं एवं मेलार्थियों के लिए बेहतर सेवाएँ जुटा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रामसरोवर तालाब पर मेलार्थियों की सुरक्षा के लिए एनआरएफ के कुशल तैराक मय मोटर बोट के साथ तैनात हैं, जो चौबीस घण्टे सजग रह रहे हैं ताकि तालाब में कोई भी व्यक्ति डूबे नहीं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रामदेवरा द्वारा मेले में साफ- सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेला व्यवस्थाओं से जुडे सभी अधिकारीगण अपनी सेवाऐ निरन्तर दे रहे है।

उन्होंने बताया कि विषेष रूप से मेलार्थियों को शुद्ध खाद्य सामग्री मिलती रहे इसके लिए समय-समय पर खाद्य सामग्री के सैम्पल लिए जा रहे हैं एवं चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए खाद्य निरीक्षक पूर्ण सजगता के साथ दुकानों की चैकिंग कर रहे हैं। भारी संख्या में मेलार्थी शांतिमय वातावरण में बाबा की समाधी के दर्षन कर रहे है तथा रामदेवरा स्थित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि देश के कौने-कौने से रामदेवरा मेले में दूर दराज आने वाले लाखों श्रद्वालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहतर ढंग से कडे प्रबंध किए गए है एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस जाप्ता तैनात है वहीं सादी वर्दीधारी के पुलिसकर्मी भी अपनी चौकस सेवाएं दे रहे है। उन्होंने कहा कि रामसरोवर तालाब पर भी पुलिस के पुख्ता इंतजाम है। उन्होंने बताया कि मेले में यातायात की व्यवस्था के लिए भी पर्याप्त मात्रा में यातायात पुलिस कर्मी तैनात है। मेलाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी पोकरण प्रभजौतसिंह गिल ने बताया कि मेले में दर्षनार्थियों की भारी